# भारत-पाकिस्तान संबंध और SCO

## प्रलिम्सि के लयि:

शंघाई सहयोग संगठन (SCO), TAPI (तुरकमेनसि्तान-पाकसि्तान-अफगानसि्तान-भारत), SAARC, क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (RATS), संयुक्त राष्ट्र महासभा, ईरान-पाकसि्तान-भारत (IPI) पाइपलाइन, शंघाई स्पिरिट, SCO-अफगानसि्तान संपर्क समूह, स्वतंत्र राज्यों का राष्ट्रमंडल (CIS), दक्षणि पूर्व एशयिाई राष्ट्रों का संगठन (ASEAN), सामूहकि सुरक्षा संधसिंगठन (CSTO)।

## मेन्स के लयि:

भारत और पाकसि्तान संबंधों को मज़बूत करने में बहुपक्षीय मंचों की भूमकिा तथा इसमें शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का महत्त्व।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के वदिश मंत्री ने पाकसि्तान के इस्लामाबाद में **SCO परषिद के शासनाध्यक्षों** की बैठक के दौरान पाकसि्तान के प्रधानमंत्री एवं वदिश मंत्री के साथ अनौपचारकि बातचीत की।

- इसमें कहा गया है कि यह बातचीत पछिली मुलाकातों की तुलना में **अधकि सकारात्मक रही।**
- **शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के शासनाध्यक्षों की परषिद,** SCO के राष्ट्राध्यक्षों की परषिद के बाद **दूसरी सबसे बड़ी परषिद** है।

## SCO शखिर सम्मेलन में भारत और पाकसि्तान के बीच क्या सकारात्मक घटनाक्रम हुए?

- **ववािदास्पद भाषणों का परहिार:** भारत और पाकसि्तान दोनों ने अपने राष्ट्रीय वक्तव्यों में ववािदास्पद भाषणों का प्रयोग करने से परहेज कयिा।
  - **पाकसि्तान की ओर से कश्मीर** जैसे संवेदनशील मुद्दों का **कोई सीधा उल्लेख नहीं** कयिा गया, जबकि भारत ने सीमा पार आतंकवाद **पर चर्चा करते समय पाकसि्तान** का वशिष उल्लेख करने **से परहेज कयिा।**
- **प्रोडक्टवि मीटगि: भारत ने SCO की प्रोडक्टवि मीटगि** आयोजति करने के लयि पाकसि्तानी नेतृत्व की सराहना की तथा अपने **प्रस्थान वक्तव्य** में सकारात्मक संकेत दयिा।
- **क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग: व्यापार, संपर्क, ऊर्जा प्रवाह तथा आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के** वरिुद्ध सहयोग जैसे वषियों पर चर्चा की गई, जसिमें टकराव के बजाय **सहयोग** पर बल दयिा गया।
  - **कुछ SCO सदस्यों के साथ** TAPI (तुरकमेनसि्तान-पाकसि्तान-अफगानसि्तान-भारत) ऊर्जा पाइपलाइन और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।
- **आर्थकि सहयोग के लयि पहल:** इस शखिर सम्मेलन के परणिामस्वरूप **आर्थकि वार्ता कार्यक्रम** और **आर्थकि सहयोग बढ़ाने के लयि रणनीतियों को प्रस्तावति कयिा गया।**
  - संयुक्त वक्तव्य में **हरति वकिास, डजिटिल अर्थव्यवस्था, व्यापार के साथ नरि्धनता उन्मूलन एवं नवीकरणीय ऊर्जा** जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बल दयिा गया।

## यह सकारात्मक घटनाक्रम महत्त्वपूर्ण क्यों हैं?

- **अनुच्छेद 370 का नरिसन (2019):** अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर की वशिष स्थतिि (अनुच्छेद 370) **को रद्द करने के भारत के फैसले** से पहले से ही कमजोर संबंध और अधकि तनावपूर्ण हो गए।
  - पाकसि्तान इसे **अवैध मानता है** जबकि भारत इसे अपना **आंतरकि मामला** मानता है।
- **द्वपिक्षीय संबंधों में गरिावट:** 7 अगस्त 2019 को पाकसि्तान ने भारत द्वारा जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 को नरिस्त करने के प्रतक्रियिा में भारत के साथ राजनयकि संबंधों को नम्नि कर **चार्ज डी'एफेयर स्तर तक कर दयिा** और **भारतीय उच्चायुक्त को नष्किासति कर दयिा।**
- **सधिु जल संध:ि वशिष रूप से** कशिनगंगा **और** रतले जलवदि्युत परयिोजनाओं पर ववािद से तनाव में वृद्धि हुई, जसिमें पाकसि्तान का आरोप है कि

भारत संधि का उल्लंघन कर रहा है।
    - भारत ने औपचारिक रूप से पाकिस्तान के साथ [सिंधु जल संधि (IWT)](#) की **समीक्षा और संशोधन का अनुरोध किया है,** जो पाकिस्तान को उचित नहीं लगा।
- **सीमित व्यापार**: वर्ष 2019 में **पुलवामा हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान का सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (MFN) का** दर्जा रद्द कर दिया तथा पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार निलंबित कर दिया।
    - **अनुच्छेद 370** के निरस्त होने से **द्विपक्षीय व्यापार** बाधित हुआ। वर्ष 2018-19 में **निर्यात के रूप में 2.06 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात के रूप में 0.495 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ।**
- **आंतरिक हस्तक्षेप: पाकिस्तान ने भारत पर बलूचिस्तान प्रांत** में अशांति फैलाने और वहाँ अलगाववादी आंदोलनों को समर्थन देने का आरोप लगाया है।
    - भारत ने पाकिस्तान पर कश्मीरी युवाओं को **कट्टरपंथी बनाने तथा** कश्मीर मुद्दे का **अंतर्राष्ट्रीयकरण** करने का आरोप लगाया है।

## बहुपक्षीय मंच भारत-पाकिस्तान संबंधों को कैसे सुधार सकते हैं?

- **वार्ता के लिये तटस्थ मंच:** [SCO](#) जैसी बहुपक्षीय संस्थाएँ भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तनाव के बिना बातचीत करने के लिये **तटस्थ वातावरण** प्रदान करती हैं।
    - ये मंच **अनौपचारिक बातचीत** और **ट्रैक-टू कूटनीति** (अनौपचारिक, गैर-सरकारी चर्चा) की सुविधा देते हैं, जिससे **तनाव कम होने के साथ संचार** के रास्ते खुल सकते हैं।
- **क्षेत्रीय सहयोग:** [SAARC](#) के माध्यम से दोनों राष्ट्रों ने **पहले भी** क्षेत्रीय व्यापार समझौतों पर सहयोग किया है।
    - [जलवायु परिवर्तन](#), [आपदा प्रबंधन](#) और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएँ अभी भी अधिक हैं।
- **सुरक्षा चिंताएँ:** भारत और पाकिस्तान दोनों ही **SCO के** [क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढाँचे (RATS)](#) का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य **आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने में सहयोग को बढ़ावा देना है।**
    - **इससे ऐसा ढाँचा मिलता है जिसके तहत दोनों देश साझा सुरक्षा खतरों** पर मिलकर कार्य कर सकते हैं, भले ही उनके द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हों।
- **अविश्वास को कम करना:** [संयुक्त राष्ट्र महासभा](#) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों में कई देशों की भागीदारी होती है जो **रचनात्मक बातचीत के लिये मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकते हैं।**
    - बहुपक्षीय कूटनीति से तनाव कम हो सकता है जैसा कि वर्ष 1999 के [कारगिल संघर्ष](#) **(जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दबाव ने स्थिति को सामान्य करने** में भूमिका निभाई) **में देखा गया था।**
- **आर्थिक आदान-प्रदान: पारस्परिक लाभ वाली** [तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (TAPI) पाइपलाइन](#) और [ईरान-पाकिस्तान-भारत (IPI) पाइपलाइन](#) जैसी परियोजनाएँ विभिन्न विरोधियों के बीच भी सहयोग को बढ़ावा दे सकती हैं।

## SCO के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:** यह **15 जून 2001 को** शंघाई, चीन में स्थापित एक **स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।**
- **स्थापना:** इसकी स्थापना **छह संस्थापक देशों** अर्थात् कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान द्वारा की गई थी।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच **आपसी विश्वास को मज़बूत करना, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना** तथा एक निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय **राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था** को बढ़ावा देना है।
- **सिद्धांत:** SCO में **शंघाई स्पिरिट का पालन होता है** जो **पारस्परिक विश्वास, पारस्परिक लाभ, समानता, परामर्श,** सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान और साझा विकास पर आधारित है।
- **निर्णय लेने वाली संस्थाएँ:** SCO **का सर्वोच्च** निर्णय लेने वाला निकाय **राष्ट्राध्यक्षों की परिषद (CHS) है,** जिसकी प्रमुख संगठनात्मक मुद्दों पर विचार करने के लिये प्रतिवर्ष बैठक होती है।
    - सहयोग रणनीतियों पर चर्चा करने, क्षेत्रों को प्राथमिकता देने तथा बजट को मंजूरी देने के लिये प्रतिवर्ष **शासनाध्यक्षों की परिषद (CHG) की** बैठक होती है।
- **स्थायी निकाय:** SCO के **दो स्थायी निकाय हैं।**
    - इसका सचिवालय **बीजिंग में** स्थित है, जो संगठन के दैनिक कार्यों के लिये ज़िम्मेदार है।
    - **ताशकंद** की **क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (RATS) की कार्यकारी समिति,** क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ **आतंकवाद विरोधी प्रयासों** पर ध्यान केंद्रित करती है।
- **वर्तमान सदस्यता:** SCO के **10 पूर्ण सदस्य हैं** अर्थात् चीन, रूस, कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान, **ईरान (2023) और बेलारूस (2024)।**

[//](#)




- **SCO-अफगानसि्तान संपर्क समूह: वर्ष 2005** में SCO ने अफगानसि्तान में **सुरक्षा और स्थरिता संबंधी चताओं को** दूर करने के लयि **SCO-अफगानसि्तान संपर्क समूह का** गठन कयिा, जो क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों के प्रत‍ि इसकी प्रतबिद्धता को दर्शाता है।
- **आधकिारकि भाषाएँ:** SCO की आधकिारकि भाषाएँ **रूसी और चीनी हैं** जो सदस्य देशों के बीच संचार को सुवधािजनक बनाती हैं।
- **साझेदारयिाँ और सहयोग:** SCO ने वभिनि्न संगठनों के साथ **साझेदारयिाँ वकिसति की हैं जनिमें स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल (CIS), दक्षणि पूर्व एशयिाई राष्ट्र संघ (ASEAN), सामूहकि सुरक्षा संधि संगठन (CSTO) और** कई संयुक्त राष्ट्र एजेंसयिाँ शामलि हैं।

## नषि्कर्ष

SCO बैठक में भारत और पाकसि्तान के बीच हाल ही में हुई **अनौपचारकि बातचीत (जसिमें सकारात्मक वकिास और रचनात्मक संवाद देखा गया) सहयोग को बढ़ावा देने के लयि बहुपक्षीय मंचों की भूमकिा पर प्रकाश डालती है।** क्षेत्रीय सहयोग को प्राथमकिता देकर और आम चुनौतयिों का समाधान करके ये मंच बेहतर द्वपिक्षीय संबंधों के साथ स्थरिता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

***??????? ?????? ???????:***

**प्रश्न: वश्लिेषण कीजयि कि बहुपक्षीय मंच भारत और पाकसि्तान के बीच अवश्विास को कैसे कम कर सकते हैं। शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की प्रकृत‍ि इसमें कसि प्रकार योगदान दे सकती है?**

## यूपीएससी सविलि सेवा परीक्षा के वगित वर्ष के प्रश्न (PYQs)

***??????***

**प्रश्न: SCO के उद्देश्यों और लक्ष्यों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। भारत के लिये इसका क्या महत्त्व है? (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/strengthening-india-pakistan-relations-and-sco